सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 04 | इंदौर, सोमवार 15 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Gujarat: अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे पर सड़क हादसा, बस और ट्रक की टक्कर में छह की मौत, कई घायल**
2. **Trump: ट्रंप पर हमले के लिए रूस ने बाइडन सरकार को ठहराया जिम्मेदार, कहा- हम जानते थे उनकी जान को खतरा है**

# बदमाशों के निशाने पर आउटर की कालोनियां

## बरमूडा भी गैंग कर रही आश्रमों में वारदातें

तेजी से महानगर का रूप लेता इंदौर शहर धीरे-धीरे स्मार्ट सिटी का भी रूप लेता जा रहा है और शहर का तेजी से विकास भी हो रहा है, जिस तेजी से शहर उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है और यहां पर पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की गई है, उसी तेजी से शहर में अपराध भी बढ़ रहे हैं। हालांकि यह राहत वाली बात है कि इंदौर पुलिस की सख्त कार्यप्रणाली और सक्रियता के चलते अधिकांश अपराधों में  अपराधी गिरफ्त में होकर अब जेल की सलाखों के पीछे हैं, लेकिन बावजूद इसके अपराधों में कमी नहीं आ रही है।

DGR विशेष @ पुष्पेन्द्र पुष्प

**इंदौर। सबसे अधिक चोरी, लूट की वारदातें पुलिस के लिए चुनौती बनती जा रही है। शहरी इलाकों की कालोनियों के साथ-साथ आउटर में बनी कालोनियों को भी बदमाश निशाना बना रहे हैं। वहीं हाल ही में दो मंदिरों में हुई एक जैसी वारदातों से यह शक है कि बरमूडा गैंग अब मंदिरों और आश्रमों को निशाना बना रही है।**

देखने में आया है कि शहर के आउटर में बनी कॉलोनियां बदमाशों के निशाने पर हैं। यहां लगातार डकैती और चोरी की कई बड़ी वारदातें सामने आई हैं। आउटर भी बनी कॉलोनियों में वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश यहीं से दूसरे शहर में भाग निकलते हैं। बदमाश अधिकतर बाहरी सीमा पर बनी टाउनशिप को आसानी से निशाना बनाते हैं।

### ◆ कुछ वारदातों पर एक नजर

- शहर के लंदन विलाज में हुई डकैती में बाग-टांडा के बदमाश (सोमला गैंग) शामिल थे।
- 28 मई को तेजाजीनगर क्षेत्र के ओएस्टर टाउनशिप में हथियार लेकर बदमाश घुसे थे।
- इंदौर के कनाडिया थाना क्षेत्र में न्यू तिलकनगर में भी टांडा गैंग वारदात कर चुका है।



हाल ही में बदमाशों ने एक आश्रम को निशाना बनाकर महंत को घायल कर वारदात की थी।

### एक वारदात का खुलासा नहीं, दूसरी हो गई

अलवासा के श्री मां वैष्णोदेवी धाम शक्तिपीठ संत सेवा आश्रम में हुई डकैती की वारदात अभी सुलझी भी नहीं थी कि बदमाश 20 किमी दूर स्थित एक और आश्रम में वारदात कर फरार हो गए। ग्रामीण क्षेत्र के आश्रमों में तीन दिन के अंदर डकैती की दूसरी वारदात सामने आई। दोनों वारदातों में एक ही गिरोह का हाथ सामने आया है। ये आश्रम में वारदात के दौरान नशीला पदार्थ चरस और गांजा भी ढूंढते हैं। सांवेर और बाणगंगा पुलिस की संयुक्त टीम जांच में जुटी है। बाणगंगा टीआई लोकेशसिंह भदौरिया के मुताबिक, घटना सांवेर थाना अंतर्गत ग्राम नागपुर की है।

### गैंग के पांच बदमाश हथियार लेकर घुसे थे

गांव में हरिओम कुटी हनुमान चौकी के नाम से महंत अमृत गिरी बापू का आश्रम बना है। शुक्रवार रात करीब दो बजे बरमूडा गैंग के पांच बदमाश हथियार लेकर आश्रम में घुस गए। सबसे पहले सेवादार जितेंद्र जैन को डंडे मारे और कब्जे में कर लिया। हत्या की धमकी दी और जितेंद्र से कहा कि बापू को उठाओ। पूछे तो बता देना कि पेट दुख रहा है। डरे-सहमे जितेंद्र ने बापू को उठाया और बदमाश कुटिया में घुस गए। बापू पर टामी से हमला बोला और सेवादार के साथ हाथ-पैर बांधकर एक तरफ पटक दिया।

### सोने की बाली और मोबाइल लूटा

कुटिया में रखे बैग, बिस्तर और बर्तन की तलाशी ली और करीब 20 हजार रुपये, सोनी की बाली व मोबाइल लूट लिए। बदमाश धमकाते हुए फरार हो गए। सुबह पुलिस पहुंची और आसपास के क्षेत्र की तलाशी ली। मोबाइल तो खेत में पड़ा हुआ मिल गया। सांवेर पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाकर केस दर्ज किया।

### चरस का पूछा और गांजा लूट ले गए

घायल महंत अमृत गिरी बापू ने पुलिस को अपने बयानों में बताया कि बदमाश चड्डी-बनियान और बरमूंडा पहनकर आए थे। उन्होंने चेहरों को नकाब और कपड़ों से ढंक रखा था। आरोपियों ने उनसे चरस के बारे में भी पूछा था। बापू ने कहा कि चरस तो नहीं है, गांजा रखा है। इसके बाद गांजे की पुडिय़ा ले गए।

### बाग-टांडा गिरोह पर शक

अलवासा में भी बदमाशों ने महंत कमल दास से स्मैक के बारे में पूछा था। पुलिस पहले ग्रामीण क्षेत्र के बदमाशों का हाथ मानकर चल रही थी, लेकिन अब जांच बाग-टांडा के गिरोह पर जाकर टिक गई है। दोनों आश्रमों में महज 20 किलोमीटर की दूरी है। पुलिस ने अपनी जांच आगे बढ़ाते हुए बदमाशों की खोजबीन शुरू की है।

### चोरी करने वाले बदमाशों का नहीं मिला सुराग

शहर के बायपास स्थित ऑस्कर टाउनशिप और पांचाल परिसर में शुक्रवार रात को चोरी करने वाले बदमाशों का सुराग नहीं मिला। पुलिस की जांच बाग-टांडा के गिरोह के आसपास चल रही है। धार, पीथमपुर और सिमरोल मार्ग के सीसीटीवी फुटेज निकाले जा रहे हैं। कनाडिय़ा थाना अंतर्गत बिचौली हप्सी में प्रापर्टी कारोबारी सोनू पांचाल के घर चोरी करने के पहले गैंग ने बायपास की ऑस्कर टाउनशिप में बर्तन कारोबारी शैलेष के घर चोरी का प्रयास किया था। वहां ज्यादा सामान नहीं मिला, लेकिन ईयरबड्स चुरा ले गए। इसके बाद चोर विश्वकर्मा मंदिर के पास बने सोनू पांचाल के बंगले में घुस गए। ग्रिल काटकर घुसे बदमाशों ने तीन बंगलों की तलाशी ली और सोनू के बंगले से एक लाख 90 हजार नकद, सोना-चांदी के आभूषण और कार चुरा ली।

### बायपास पर करीब तीन घंटे तक रुके थे बदमाश

छानबीन में पता चला कि बदमाश बायपास पर करीब तीन घंटे रुके थे। ऑस्कर टाउनशिप में एंट्री गेट पर गार्ड होने के कारण खेतों के रास्ते घुसे और खेतों के रास्ते ही भाग गए। इस कारण चोरों के जूते कीचड़ में हो गए। उधर फोरेंसिक एक्सपर्ट ने तीन बदमाशों के फिंगर प्रिंट जुटाए हैं।

### पीएसटीएन डेटा की जांच कर रही क्राइम ब्रांच

साइबर एक्सपर्ट की टीम भी जांच में लगाई गई है। तीन घंटे रुकने से फोन चलाने की संभावना बढ़ गई है। तकनीकी के जानकर पीएसटीएन डेटा निकालकर जांच कर रहे हैं। उधर पुलिस ने धार, झाबुआ व आलीराजपुर पुलिस से भी फुटेज साझा कर मदद मांगी है। जानकारी मिली है कि बाग-टांडा में इस तरह की कई गैंग हैं, जो सदस्य बदल-बदलकर वारदात करते हैं।

# एक ही दिन में 11 लाख पौधे लगने से रेंवती रेंज की पहाड़ी हो गई ग्रीन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सुबह लगभग 6 बजकर 23 मिनट पर सांवेर रोड स्थित बीएसएफ के रेवती रेंज में 11 लाख पेड़ - पौधे लगाने का सिलसिला हो गया था। इस महोत्सव को शहर वासियों में जमकर उत्साह दिखा. बीती रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण रेवती रेंज का मैदान के चारों तरफ कीचड़ ही कीचड होने के बाद भी पर्यावरण प्रेमियों ने सुबह-सुबह पहुंच कर वृक्षरोपण शुरू किया। एक तरफ वृक्षारोपण का सिलसिला चल रहा था तो दूसरी तरफ वहां आए लोगों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की जा रही थी। वृक्षारोपण के लिए रेवती रेंज पर हर वर्ग का व्यक्ति पौधों के साथ दिखाई दे रहा था और जिसे जहां जगह मिल रही थी वहां पर पौधारोपण किया जा रहा था। हाथों में पौधे और चेहरे पर खुशी यह दर्शा रही थी कि इंदौर के लोग, जिस तरह से इंदौर को क्लीन सिटी बनाया उसी तरह इंदौर को ग्रीन सिटी बनाएंगे।

वृक्षारोपण स्थल पर नगरी प्रशासन मंत्री और इस महा अभियान के सूत्रधार कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव समेत भाजपा के नेता कलेक्टर कमिश्नर समेत समस्त प्रशासनिक अफसर पूरी तरह से व्यवस्था में जुटे हुए है। रोपण शुरू होने से पहले कैलाश विजयवर्गीय ने विधि विधान के साथ मंत्रो के साथ का जाप करते हुए भूमि पूजन किया। सात पंडितों की टीम ने पूजन करवाया. पूजन में कैलाश विजयवर्गीय के साथ महापौर, कलेक्टर वह अन्य नेता मौजूद थे। पूजन के बाद कुछ महिलाओं ने शंख बजा कर इस महा अभियान का श्री गणेश किया। जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता जा रहा था शहर वासियों की भीड़ बढ़ती जा रही थी। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के रेवती रेंज पर आने के लिए पुलिस प्रशासन ने तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी थी।

### गड्डा, पौधा, पोहा और भोजन सब तैयार

वर्ल्ड रिकार्ड बनाने वाले इस आयोजन का मेनेजमेंट देखने लायक था। एक पहाड़ी सहित बड़ा मैदानी इलाके में 11 लाख पौधे लगाना आसान काम नहीं था। पौधों की व्यवस्था, गड्ढे खोदने की चुनौती और उससे भी बढ़ कर लोगों को जोड़ने की जिम्मेदारी। महज 46 दिन में अथक परिश्रम के साथ इस काम को अंजाम पर पहुंचा दिया। इसमे कोई शक नहीं कि आने वाले दिनों में मेनेजमेंट के स्टूडेंट के स्टूडेंट सबक भी सीखे। विशेषज्ञों की मदद से रेवती रेंज को 9 जोन में विभाजित किया और फिर इन जोन को सौ सब जोन में बांटा गया। गड्ढों की टैगिंग की गई जिस पर नजर रखने के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। दक्षिण भारत सहित देश के अन्य राज्यों से पौधे बुलवाए गए। गड्ढे करने के लिए श्रमिकों की बड़ी टीम मौके पर तैनात की गई। इतना बड़ा आयोजन और कही कोई आपाधापी नहीं नजर आई। प्रशासन और नगर निगम की टीम के साथ टीम विजयवर्गीय बेहतर तालमेल के साथ हर व्यवस्था को अंजाम दिया। हर एक व्यवस्था पर मंत्री विजयवर्गीय नजर रखे हुए थे और उनके साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव पूरे समय हर निर्देश का पालन करवाते जा रहे। साथ ही मंत्री तुलसीराम सिलावट भी हर व्यवस्था में सहयोग कर रहे ।

## क्रीड़ा वन परिसर क्रीडा भारती ने पांच हजार पेड़ लगाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। क्रीडा भारती इंदौर महानगर के आह्वान पर सभी खेल संस्थाओं के तकरीबन 300 खिलाड़ी, कोचेस, पदाधिकारियों ने मिलकर 5000 पेड़ लगाए।महापौर द्वारा झोन 1 क्रीडा वन परिसर क्रीडा भारती को स्थान दिया गया था तथा वाहन की भी व्यवस्था दी गई थी। क्रीडा भारती के साथ मिलकर विभिन्न खेल संघों ,संस्थाओं व योग केन्द्रों ने 5000 पेड़ लगाए। इस अवसर पर क्रीडा भारती के हरीश डागुर , धनंजय चिंचालकर, राजु गोतम, हरदीप सिंह रुप्पल, राकेश मिश्रा, मधु कुशवाह, पुजा शर्मा, राहुल मिश्रा, मिथलेश कैमरे, अमित करपे, आदि उपस्थित थे।

## नशामुक्ति ली की शपथ : सायबर अवेयरनेस पाठशाला व नए कानून की जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महू के शासकीय विद्यालय महू गांव में इंदौर पुलिस के साथ क्षत्रिय राजपूत कलमकार पत्रकार संघ के सहयोग से सायबर अवेयरनेस पाठशाला और नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। इंदौर पुलिस के सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर ने सायबर अपराधों से बचने के उपाय के साथ-साथ नए कानून के बारे में भी संक्षेप में बताया साथ ही सृजन नई दिशा नया गगन अभियान की जानकारी भी दी । इस अवसर क्षेत्रीय विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने सृजन अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि बेटियों के लिए किए जा कार्य सराहनीय हैं निश्चित ही उनका आत्मबल बढेगा ओर वो हर स्थिति से निपटने को तैयार रहेगी । सुश्री ठाकुर ने छात्राओं-शिक्षकों और पालकों के




साथ नशामुक्ति की शपथ ली। इस दौरान उन्होंने इंदौर पुलिस द्वारा किए जा रहे सायबर अवेयरनेस , नशामुक्ति अभियान की प्रशंसा की। विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि बच्चों और युवाओं पर नशे का गलत असर पड़ता है. छोटी उम्र में ही नशा करने से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास तक रुक जाता है. स्कूलों में ऐसा कई बार देखा गया है, इस वजह से छात्र पढ़ाई पर नहीं लगा पाते और अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं । विद्यार्थी जीवन मे पढ़ाई खेल व देश भक्ति का अलख जगाए । सुश्री ठाकुर ने क्षत्रिय राजपूत कलमकार पत्रकार संघ द्वारा किए जा रहे कार्यो की भी प्रशंसा की। इंदौर पुलिस ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया साथ ही बच्चों से नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया। इंदौर पुलिस के सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर के द्वारा बच्चों को उदाहरण देकर बताया गया कि कैसे अधिकांश अपराधों की जड़ नशा है और कैसे हम नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। ्रह्यद्व श्री गयेन्द्र यादव ने नशा मुक्त की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर महू गांव नगर परिषद अध्यक्ष नवीन तिवारी, मंडल अध्यक्ष राय बहादुर सिंह तंवर, विद्यालय प्रिंसिपल राधा तोषनीवाल, क्षत्रिय राजपूत कलमकार पत्रकार संघ के सचिव सुनील सिंह शेखावत भी मौजूद थे ।

## मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विवाह भारतीय संस्कृति में एक संस्कार है। यह जन्म जन्मांतर तक चलने वाला पवित्र गठबंधन है। यह केवल वर-वधु को एक कर देने वाला संस्कार भर ही नहीं बल्कि दो परिवारों, दो अलग-अलग गांव, अलग-अलग संस्कृति, संस्कारों तथा परम्पराओं को एकाकार कर देने वाला महत्वपूर्ण संस्कार है।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर एयरपोर्ट के ओल्ड टर्मिनल में बने वीडियों कॉन्फ्रेसिंग कक्ष से दमोह जिले के तेदुंखेड़ा में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर तथा उत्तरप्रदेश के विधान परिषद के सदस्य डॉ. महेन्द्र सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने सामूहिक विवाह समारोह के नवदंपतियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने नवदंपतियों के सुखमय तथा खुशहाल जीवन की कामनाएं की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर एक माता-पिता को अपनी बिटिया के विवाह की चिंता से मुक्त करना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत विवाह करने वाली बिटिया को 55 हजार रुपये की मदद दी जा रही है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि वे विवाह के दौरान होने वाली कुरीतियों को दूर करें और समाज को आडम्बरों से मुक्त रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत होने वाले विवाह समारोह सामाजिक सद्भाव के अनुपम अनुष्ठान भी बन रहे हैं, यहां जहां एक ओर विवाह हो रहें हैं वहीं निकाह भी कराये जा रहे है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को पराया नहीं बल्कि अपना समझा जाये।

## ट्री मेन ऑफ इंडिया विष्णु लाम्बा द्वारा वृहद पौधारोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ट्री मेन ऑफ इंडिया विष्णु लाम्बा जिनके द्वारा करीब 1.50 करोड़ पौधे लगाए गए, के आतिथ्य में सेन मेरीनो स्कूल कैंपस में करीब 200 से अधिक फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक स्कूल को शिक्षा के साथ पर्यावरण, अनुशासन और संस्कारों की शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने स्कूल प्रांगण में उपस्थित समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों को पौधरोपण और उनकी देखभाल की शपथ भी दिलाई। इसके अतिरिक्त स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा गत वर्षो में 3000 से अधिक पेड़ पौधे लगाने , उनकी देखभाल करने तथा सत्र 2024 में नए 200 पौधे लगाए जाने और इस सम्पूर्ण कार्य में सहयोग के लिए बस स्टाफ को सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।

# सरयू के तट पर भागवत ज्ञानगंगा की बरसेगी भक्ति कृपा

### अयोध्या दर्शन और श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ पारायण 23 से अयोध्या धाम (उप्र)में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। इस वर्ष अयोध्याधाम उत्तर प्रदेश में अष्टोत्तरशत् श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ पारायण का भव्य आयोजन एवं भगवान श्रीराम के विराट दर्शनों का आयोजन और जानकी महल अयोध्या में श्रीमद् भागवत कथा प्रवचन सहित 421 ब्राम्हणों द्वारा सस्वर संस्कृत पारायण का आयोजन 23 जुलाई से किया जा रहा है।

आयोजन के अध्यक्ष अधिवक्ता के.पी. माहेश्वरी, इंदौर के अनुसार श्रीमद् भागवत अष्टोत्तरशत ज्ञान यज्ञ पारायण का यह 25 वां वर्ष है। भागवत ज्ञानगंगा अब सरयू के तट पर अयोध्याधाम में अपनी भक्ति कृपा बरसाएगी, जिसमे इंदौर म.प्र. सहित पूरे भारत वर्ष के शहरी व ग्रामीण भक्त पुण्य लाभ लेंगे।

यह भव्य आयोजन 23 जुलाई 2024 से 29 जुलाई 2024 तक आयोजित है, जिसमें व्यासपीठ पर लक्ष्मीनारायण मंदिर गया कुंड, पुष्कर, सीताराम मंदिर सीतापुर तथा तोताद्रीमठ, ज्ञान गुदड़ी,




वृंदावन पीठाधीश्वर, 1008 स्वामी रामप्रपन्नाचार्यजी महाराज व्यासपीठ पर विराजमान होकर भागवत कथा का रसपान कराएंगे। साथ ही 421 विद्वान ब्राह्मण सस्वर पाठ करेंगे। कथा के प्रवचन सार को श्रीधाम वृंदावन के युवा स्वामी अनिरूधाचार्य भी वेद पाठ करेंगे ।

**आगामी वर्ष में गोर्वधनधाम गिरिराज जी महाराज के चरण में आयोजन-** आयोजकों एवं मुख्य यजमान अधिवक्ता के.पी. माहेश्वरी ने बताया कि भागवत ज्ञान गंगा का आरंभ श्रीधाम वृंदावन से प्रारंभ होकर पुण्य क्षेत्र पुष्कर, सुखताल, रामेश्वरम्, बद्रीनाथ, नेमी षारण्य, श्रीरंगम्, द्वारकाधीश, अवंतिका पूरी, औंकारेश्वर, श्रीनाथद्वारा, जगन्नाथपुरी, हरिद्वार, ऋषिकेश,पंढरपुर गयाजी के बाद अब यह आयोजन भगवान राम की नगरी अयोध्या में हो रहा है। आगामी वर्ष 2025 के सितंबर माह में पुनः कथा का भव्य आयोजन मथुरा के निकट गोर्वधनधाम गिरिराज जी महाराज के चरण में होगा।

# गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने मध्यप्रदेश शासन को 24 घंटे की अवधि में सर्वाधिक वृक्षारोपण का प्रमाण पत्र प्रदान किया

## पेड़ वाले भैया "कैलाश जी" के सार्थक अभियान को इंदौर ने हाथों हाथ लिया

**प्रशासन, जन प्रतिनिधि, जन भागीदारी से इंदौर नए ऊंचाइयों पर पहुंचा**

**मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने प्राप्त किया गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से प्रमाण पत्र**



### कार्यक्रम की झलकियां


















## क्वांटिटी नहीं क्वालिटी, ऑर्थोडॉक्स के बदले आउट ऑफ़ बॉक्स यही नई शिक्षा नीति का सार : अमित शाह

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस युवाओं की जीवन की दिशा तय करेंगे : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# नर्मदापुरम के सभी प्राइवेट स्कूल कल से बंद

**संगठन बोला- पूरे एमपी में करेंगे हड़ताल**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

नर्मदापुरम। जबलपुर के बाद अब नर्मदापुरम प्रशासन ने प्राइवेट स्कूलों पर सख्त कदम उठाए हैं। शिक्षा विभाग ने फीस बढ़ाने पर 79 स्कूलों की लिस्ट बनाई है। इन स्कूलों ने 10% से 200% तक फीस बढ़ाई है। स्कूल के मैनेजमेंट को 15, 16 और 18 जुलाई को कार्यालय बुलाया गया है। सेशन 2020-21 से 2023-24 तक बढ़ाई गई फीस की जानकारी मांगी गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी एसबीएस बिसेन के मुताबिक, 79 स्कूल में से 23 स्कूलों को पहले नोटिस जारी किए गए। 14 स्कूल बढ़ी हुई फीस पेरेंट्स को लौटाने को तैयार हैं। बाकी 56 स्कूलों को पक्ष रखने का मौका दिया है। इन्हें भी जिला शिक्षा समिति नोटिस जारी करेगी। जवाब नहीं मिलने पर इन स्कूलों पर 2-2 लाख रुपए का जुर्माना समेत संचालक को सजा हो सकती है। उधर, शिक्षा विभाग के इस एक्शन पर जिले भर के सभी स्कूलों ने 15 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की घोषणा कर दी है। कल से सभी प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे।

### स्कूल शिक्षा मंत्री बोले- स्कूल बंद किए तो कार्रवाई करेंगे

स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने प्राइवेट स्कूलों को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि अगर स्कूल बंद किए तो कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, ह्यबच्चे देश का भविष्य हैं। इनके साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निजी स्कूल संचालकों को कोई दिक्कत है, तो वे आकर मिलें। उनकी समस्या का समाधान हम करेंगे। स्कूल बंद रखना गलत है।

### हल नहीं निकला तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन करेंगे

प्राइवेट स्कूल संचालकों के संगठन सोसाइटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स (सोपास) के जिला अध्यक्ष आलोक राजपूत का कहना है कि शिक्षा विभाग के पोर्टल में खामियां हैं। इस वजह से स्कूल संचालकों को जानकारी अपलोड करने में दिक्कत आ रही है। हम अपनी बात शिक्षा मंत्री तक रखेंगे। हल नहीं निकला तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

### 2 स्कूल को 56 लाख रुपए लौटाने के हुए आदेश

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अनुसार, जानकारी मांगने पर 80% स्कूलों ने फीस की जानकारी पोर्टल पर अपलोड की। 79 स्कूलों के नाम सामने आए हैं। 10 से 20 फीसदी तक फीस बढ़ाने वाले स्कूलों की लिस्ट जिला कमेटी और इससे ज्यादा फीस बढ़ाने वाले स्कूलों के नाम राज्य कमेटी को फॉरवर्ड हुए हैं। वहीं, शहर के दो बड़े स्कूल शांति निकेतन हायर सेकंडरी और सर्वाइट स्कूल को बढ़ी हुई फीस के 56 लाख रुपए पेरेंट्स को वापस करना होंगे। इसके आदेश 10 दिन पहले हो चुके हैं। 10 जुलाई को निजी स्कूलों के सोपाक संगठन ने बैठक की। संगठन ने कहा कि कोरोना काल में सरकार ने फीस 10 फीसदी कम करने का कहा था। हमने तीन साल तक कम की। अब हम तीन साल पहले जितनी हमारी फीस हुआ करती थी, उस अनुसार 10 प्रतिशत बढ़ा रहे हैं, तो विभाग और अभिभावक कह रहे हैं कि हमने 20 से 25 फीसदी फीस बढ़ा दी।

# चलती कार पर पत्थर मारकर रिटायर्ड नर्स की हत्या

**जबलपुर में गाड़ी नहीं रोकने पर बदमाशों ने किया हमला**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। जबलपुर में बदमाशों ने चलती कार पर पत्थर मारकर एक रिटायर्ड नर्स की हत्या कर दी। सिर पर पत्थर लगने से वह कार की पिछली सीट पर ही बेसुध होकर गिर पड़ीं। कार ड्राइव कर रहे भतीजे के मुताबिक, ह्यहमले के बाद बुआ की चीख तक नहीं निकली। उन्हें सिटी ओमेगा अस्पताल ले गए, थोड़ी देर बाद ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

ये घटना शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात करीब 3 बजे की है। हमला जीसीएफ फैक्ट्री से आगे सेंट्रल स्कूल के पास हुआ। यहां दो बदमाश कार के सामने आ गए। उन्होंने देखा कि कार रुक नहीं रही, तो बड़ा सा पत्थर उठाकर मार दिया। नर्स अपने भतीजे और छोटी बहन के साथ डिंडौरी से लौट रही थीं।

शहर के ग्वारीघाट के दुर्गा नगर की रहने वालीं विराज दुबे (66) साल 2020 में शासकीय अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद से रिटायर हुईं थीं। पति पंकज दुबे की 2014 में निधन हो गया था। बच्चे नहीं थे, इसीलिए भतीजे (भाई के बेटे) दीपांशु शुक्ला को साथ में रखा था। उसे पढ़ा-लिखा भी रही थीं।

### अस्पताल ने बनाया 35 हजार का बिल, हंगामा

सिटी ओमेगा अस्पताल में विराज का इलाज शुरू करने से पहले परिजन को खून की व्यवस्था करने को कहा गया। परिवार का कहना है कि ब्लड का इंतजाम हुआ तो डॉक्टरों ने कह दिया कि जान नहीं बचा सके। अस्पताल प्रबंधन ने 35 हजार रुपए का बिल थमा दिया। सिर्फ आईसीयू में भर्ती कर पट्टी की गई और इतने का ही 35 हजार रुपए बिल बना दिया।

परिजनों ने डॉक्टर से पूछा कि क्या इलाज किया गया है? इसकी जानकारी दी जाए। अस्पताल प्रबंधन ने कह दिया कि पैसे देने पर ही शव दिया जाएगा। हंगामे की सूचना पर घमापुर थाने और ओमती थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। परिजन को समझाकर मामला शांत कराया। वहीं अस्पताल ने भी परिजन को शव सौंप दिया।

### एग्जाम था, इसीलिए रात में लौट रहे थे

दीपांशु शुक्ला ने बताया, हमारे परिवार की डिंडौरी में जमीन है। हर शनिवार को हम डिंडौरी जाते थे, लौटकर रविवार या सोमवार को ही आते थे। लेकिन, रविवार को मेरा एलएलबी का एग्जाम था। ऐसे में हम शनिवार रात 11 बजे ही डिंडौरी से जबलपुर के लिए रवाना हो गए। कार नॉन एसी है, इसीलिए कांच खोलकर रखे थे। फ्रंट सीट पर साथ में बुआ रश्मि और पिछली सीट पर बड़ी बुआ विराज बैठी थीं।

### भाई बोले- लूट के इरादे से हमला

विराज दुबे के भाई नीरज शुक्ला एसआई पद से रिटायर हैं। उनका कहना है कि घटना लूट के इरादे से की गई। जिस तरह से लुटेरों ने कार को टारगेट किया और फिर उस पर पत्थर मारा, ये कोई साधारण घटना नहीं है।

# प्राइवेट स्कूल में छात्र से कुकर्म

**वॉशरूम ले गया सीनियर, शोर मचाने पर मुंह दबाया; एफआईआर**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में प्राइवेट स्कूल में छात्र से कुकर्म का मामला सामने आया है। स्कूल के स्वास्थ्य केंद्र के बाथरूम में 12 साल के जूनियर छात्र के साथ 14 साल के सीनियर छात्र ने गलत हरकत की। पीड़ित छात्र ने इसकी जानकारी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी और स्कूल मैनेजमेंट को दी। मैनेजमेंट ने जांच शुरू की और तुरंत पॉक्सो आंतिरक समिति की बैठक बुलाई। दोनों छात्रों के परिजन को भी बुलाया गया। मामला 13 जुलाई का है। रविवार को स्कूल की ओर से बहोड़ापुर थाने में केस कराया गया है।**

पीड़ित छात्र से आरोपी छात्र 2 साल सीनियर है। एफआईआर के मुताबिक 13 जुलाई की दोपहर पीड़ित छात्र अपनी किसी समस्या के लिए स्कूल के स्वास्थ्य केंद्र गया था। वहां सीनियर छात्र भी अपनी समस्या लेकर पहुंचा था। डॉक्टर ने दोनों को अलग-अलग बेड पर आराम करने के लिए कहा।

पहले तो सीनियर ने जूनियर छात्र को अपने बेड पर बैठाने और उसके कपड़े खोलने की कोशिश की। इसके बाद वह उसे वॉशरूम में ले गया। पीड़ित चिल्लाया, तो आरोपी ने हाथ से उसका मुंह दबा दिया। आरोपी के जाने पर उसने स्टाफ नर्स को जानकारी दी।

**यूरिन में आया ब्लड, इसके बाद बुलाई मीटिंग-** घटना की जानकारी मिलने के बाद जूनियर छात्र पर मैनेजमेंट नजर रखे था। 13 जुलाई की ही शाम 4 बजे जब पीड़ित छात्र टॉयलेट गया, तो स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी आरएमओ ने जांच की। टॉयलेट में हल्का ब्लड आ रहा था। इसके बाद शिकायत को सही मानते हुए तत्काल बैठक बुलाई गई।

दोनों छात्रों के परिजन को स्कूल बुलाया। जूनियर छात्र के परिजन इस बात पर अड़ गए थे कि इस मामले में मामला दर्ज कराया जाए। इसके बाद स्कूल के प्राचार्य ने बहोड़ापुर थाना में शिकायत की है।

**पुलिस का कहना-** एएसपी ग्वालियर निरंजन शर्मा का कहना है कि शहर के एक बड़े स्कूल में जूनियर छात्र के साथ सीनियर ने गलत हरकत की है। पीड़ित और आरोपी दोनों नाबालिग हैं। पुलिस ने बहोड़ापुर थाना में मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल, पुलिस पड़ताल कर रही है।

# पत्नी के हाथ-पैर बांधे, फिर गला घोंटा

**पति ने शव ई-रिक्शे से ले जाकर नदी में फेंका; दोस्तों ने साथ दिया**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में शनिवार सुबह शिप्रा नदी में मिली महिला की लाश के मामले में पुलिस ने 12 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। महिला की हत्या पारिवारिक विवाद और सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने से नाराज पति ने कर दी थी। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी लाश को ई-रिक्शा में ले जाते दिख रहा है। शुक्रवार रात दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद पति ने पत्नी के हाथ-पांव बांधकर गला घोंट दिया। लाश बोरे में बंद कर दी। इसके बाद दो दोस्तों की मदद से शव को सुबह 4 बजे शिप्रा नदी में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी पति गोकुल को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके दोस्त फरार हैं। इस हत्याकांड का खुलासा होने पर पुलिस टीम को 10 हजार का इनाम देने की घोषणा भी की गई है।**

**दामाद के साथ बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचा था पिता-** एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि नानूराम अजमेरी नाम के शख्स ने शनिवार सुबह करीब 8 बजे डायल-100 पर फोन लगाकर बताया कि त्रिवेणी घाट के पास क्षिप्रा नदी में बोरे में एक लाश दिखाई पड़ रही है। पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और रऊएफक्ष को बुलवाया। बोरे में बंद शव को पानी से बाहर निकलवाया। महिला के दोनों हाथ-पैर और मुंह बंधा हुआ था। मौके पर एफएसएल व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीमें भी पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहां के फोटोग्राफ्स भी करवाए गए। पुलिस जिले के समस्त थानों में गुम महिला संबंधी सूचना देकर शिनाख्त में जुट गई। इसी दौरान तेजाराव परमार अपने दामाद गोकुल टिपानिया के साथ थाना पंवासा में अपनी बेटी की गुमशुदगी की सूचना देने पहुंचा। तेजाराव परमार ने बेटी का जो हुलिया बताया उसका मिलान हुआ, जिसके बाद थाना प्रभारी पंवासा उसे जिला अस्पताल के मचुरी में ले गए तो तेजाराव परमार ने महिला के शव की पहचान बेटी रचना पति गोकुल टिपानिया के रूप में की।

**सोशल मीडिया पोस्ट से अकसर विवाद होता था-** पंवासा क्षेत्र में राम मंदिर के पीछे रहने वाले गोकुल टिपानिया और रचना की शादी के बाद उन्हें दो बच्चे हुए। गोकुल उज्जैन की एक फैक्ट्री में काम करता है। रचना निजी अस्पताल में गार्ड की नौकरी करती थी। दोनों के बीच आए दिन विवाद होते थे।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया की पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है, लेकिन रचना सोशल मीडिया पर अकसर वीडियो पोस्ट करती थी। इस बात की भी जानकारी लगाई जा रही है कि सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना ही दोनों के बीच विवाद का कारण तो नहीं बना था।

**नायक नहीं खलनायक हैं तू.. गाने पर बनाई रील-** रचना टिपानिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर कुछ वीडियो डाले हैं, जिसमें एक वीडियो हाल ही में 9 जुलाई को पोस्ट किया गया है। इसमें नायक नहीं खलनायक हैं तू गाने पर खुद के कुछ फोटो डालकर रील पोस्ट की गई थी। इसी तरह रचना ने जून माह में तीन गानों पर रील बनाकर पोस्ट की थी।

**ऐसे खुला अंधे कत्ल का राज-** रचना शुक्रवार सुबह से अपने घर से लापता थी। उसके पति गोकुल टिपानिया शुक्रवार को पंवासा थाने में गुमशुदगी दर्ज करने पहुंचा था। पुलिस ने उसे फोटो लाने का कहा तो वो लौटकर नहीं आया। इसके बाद शनिवार सुबह उसकी लाश मिलने की सूचना पर शिनाख्त के लिए पति पहुंचा था। महिला के 13 साल के बेटे ने पुलिस को बताया कि मां घर में पापा के साथ मारपीट करती थी। पुलिस को शंका हुई तो पति को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की गई, जिसके बाद गोकुल ने हत्या करना कबूल कर लिया।

पुलिस को जांच में गोकुल टिपानिया के मोबाइल फोन में कुछ संदेहास्पद वीडियो मिले। इसी दौरान दूसरी टीम को फुटेज में एक ई-रिक्शा घटनास्थल के आस-पास आता-जाता दिखाई दिया था। तमाम बिंदुओं पर जांच में आगे बढ़ी पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया।

## संपादकीय

# आंदोलन और अवरोध

किसान आंदोलन को दबाने की जैसी कोशिश हरियाणा सरकार ने की, वैसी देश में कहीं नहीं देखी गई। तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन शुरू हुआ तो हरियाणा सरकार ने पंजाब और हरियाणा की तरफ से दिल्ली की तरफ बढ़ रहे किसानों को रोकने के लिए सड़कें खुदवा दी थीं। फिर जब तीनों कानूनों को वापस लेते वक्त केंद्र सरकार की तरफ से किए गए वादे पूरे न किए जाने पर, पांच महीने पहले, दूसरी बार पंजाब और हरियाणा के किसानों ने दिल्ली की तरफ कूच किया तो हरियाणा सरकार ने शंभू सीमा पर उन्हें रोक दिया। राजमार्ग पर दीवारें खड़ी कर दी गईं, मोटी-मोटी कीलें गाड़ दी गईं। किसानों ने वहीं डेरा डाल दिया, तो कई दिन तक उन पर ड्रोन से आंसू गैस के गोले बरसाए गए, ताकि वे वापस लौट जाएं। उस दौरान हरियाणा पुलिस की तरफ से गोलीबारी भी की गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। राजमार्ग पर अवरोध खड़े किए जाने की वजह से रोजाना हजारों आम लोगों को तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उस इलाके के व्यापारियों की परेशानियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने वहां के उच्च न्यायालय में गुहार लगाई। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार एक हफ्ते के भीतर राजमार्ग से अवरोधक हटा ले। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी कह दिया है कि हरियाणा सरकार को इस तरह राजमार्गों पर बाधा खड़ी करने का कोई हक नहीं है। राज्य सरकार की तो यातायात को सुगम बनाने की जिम्मेदारी होती है। दरअसल, गोलीबारी में मारे गए युवक की न्यायिक जांच कराने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी। उसी की सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि शंभू सीमा से अवरोधक तुरंत हटाए जाएं। किसान भी नागरिक होते हैं और उन्हें सरकार के सामने अपनी मांग रखने का हक है। इसी तरह तीन कानूनों के विरोध में उठे आंदोलन को दबाने के लिए दिल्ली की सीमाओं पर किसानों को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी कीलें ठोंक दी गई थीं। तब भी सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि किसानों को अपनी मांग रखने का अधिकार है और राजमार्गों को किसी भी रूप में रोका नहीं जाना चाहिए। मगर लगता है कि अदालतों के बार-बार यह रेखांकित करने के बावजूद सरकारों को इस लोकतांत्रिक तकाजे की कोई परवाह नहीं है। किसान कोई किसी दूसरे देश के सिपाही तो हैं नहीं कि उनके दिल्ली पर हमला कर देने का खतरा है। उन्होंने तो लोकतांत्रिक तरीके से दिल्ली के रामलीला मैदान में इकट्ठा होकर अपनी मांगें रखने की अनुमति मांगी थी। मगर हरियाणा सरकार ने उनके साथ अपनी जोर आजमाइश शुरू कर दी। ये सवाल अब भी अपनी जगह बने हुए हैं कि तीन कानूनों को वापस लेते समय प्रधानमंत्री ने जिन मांगों को पूरा करने का वादा किया था, वे अभी तक पूरी क्यों नहीं की गईं। राहुल गांधी ने भी यह मुद्दा संसद में उठाया था, मगर उसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। किसानों की सबसे अहम मांग न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी का कानून बनाने को लेकर है। इसका वादा प्रधानमंत्री ने भी किया था, मगर इस दिशा में कोई पहल नजर नहीं आई। इसके अलावा आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दायर मुकदमे वापस लेने और कर्ज माफी की मांग है। सरकार अपने वादों पर भी आगे कदम नहीं बढ़ा रही, तो आंदोलन तो सिर उठाएंगे ही।

**Quote...**

"Life is really simple, but we insist on making it complicated."

-Confucius

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**भरत है प्रेम... राम है सत्य... और सीता करुणा मूर्ति....ये सत्य प्रेम और करुणा ..ये भरोसे की प्रस्थानत्रयी है....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## सैर सपाटा

# 1 लाख रुपये जेब में हैं तो कर सकते हैं इन देशों की सैर



**भारत में घूमने के लिए तो इतने सारे पैसों की जरूरत नही है। कुछ हजार रुपये में भी अपनी ट्रिप को प्लान किया जा सकता है। लेकिन जब भी विदेश में ट्रिप प्लान की बात आती है तो लोग सोचते हैं कि घूमने के लिए लाखों खर्च करने होंगे। लेकिन इंडिया के बाहर कुछ ऐसे भी देश हैं जिन्हें आप मात्र एक लाख रुपये में आसानी से घूम सकते हैं। अगर आपके पास एक लाख रुपये हैं तो इन पैसों में आसानी से इतने सारे देशों की सैर की जा सकती है।**

### ◆ इंडोनेशिया

इंडोनेशिया देश में घूमने के लिए काफी कुछ है। जिसमे मंदिर से लेकर बीच और गुफाएं तक शामिल है। तो अगर आप इंडोनेशिया जाना चाहते हैं तो नई दिल्ली से जाने-आने की लागत लगभल 40-70 हजार रुपये पड़ेगी। वहीं इंडोनेशिया में रहने का किराया 3 हजार से शुरू हो जाता है। तो आप यहां जाकर आसानी से एक लाख में घूम सकते हैं।

### ◆ कंबोडिया

कंबोडिया के अंगोकवाट मंदिर के बारे में तो जरूर सुना होगा। अगर इस प्राचीन देश की सैर करना चाहते हैं तो यहां आने-जाने का खर्च पड़ेगा करीब 41,500 रुपये से 48,500। यहां रहने पर खर्च शुरू होता है 4 हजार से साथ ही खाने के पीछे भी एक हजार से स्टार्टिंग है। तो इस खूबसूरत कंट्री को एक्सप्लोर करना है तो बस एक लाख रुपये की जरूरत होगी।

### ◆ लाओस

लाओस एशिया की छोटी सी कंट्री है। जहां काफी कुछ नेचर के नजारे देखने को मिलेंगे। इस कंट्री में घूमने के लिए खाने और रहने पर खर्च लगभग 5 हजार से शुरू होगा। वहीं आने-जाने का किराया पड़ेगा 40 से 65 हजार रुपये के आसपास।

### ◆ वियतनाम

वियतनाम कंट्री घूमना चाहते हैं तो फ्लाइट का कियारा 25 हजार से शुरू हो जाता है। साथ ही यहां रहने के लिए 2 हजार से स्टार्टिंग होगी औ खाना भी यहां काफी सस्ता है।

### ◆ श्रीलंका

पड़ोसी देश श्रीलंका घूमने वहीं टूरिस्ट जाते हैं जो नेचर लवर हैं। यहां पर नेचर की खूबसूरती देखने को मिलती है। श्रीलंका जाने के लिए फ्लाइट का किराया 10 हजार से शुरू हो जाता है। साथ ही रहने पर 4 हजार और खाने पर एक हजार से खर्च शुरू होता है। तो कम पैसों में आप इस देश की सैर आसानी से कर सकते हैं।

### ◆ टर्की या तुर्कीये

बेहद खूबसूरत लगने वाली इस कंट्री को घूमने के लिए चाहिए फ्लाइट का किराया लगभग 45 से 50 हजार। साथ ही रहने के लिए 2500 रुपये और खाने के लिए हर दिन लगेंगे 1 हजार से ज्यादा। तो टर्की जैसी कंट्री की सैर का प्लान आसानी से बनाया जा सकता है।

### ◆ थाईलैंड

अगर आपको समुंदर और बीच पर घूमना पसंद है तो थाईलैंड की सैर कर लें। यहां घूमना महंगा नही है। थाईलैंड जाने के लिए तो मात्र 24-26 हजार की फ्लाइट मिल जाएगी। साथ ही रहने का किराया भी 3 हजार से शुरू हो जाता है। खाने का खर्चा 1100 रुपये से शुरू है। तो जेब में एक लाख रखें हैं तो थाईलैंड की सैर आसानी से पूरी हो सकती है।

New Delhi

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला मंजूर नहीं, तलाकशुदा महिलाओं के भरण-पोषण पर मुस्लिम बोर्ड; बताया शरीयत के खिलाफ

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रविवार को नई दिल्ली में एक बेहद अहम बैठक की। प्रेसीडेंट हजरत मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बोर्ड ने निर्णय लिया कि मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं के भरण-पोषण पर शीर्ष अदालत का हालिया फैसला इस्लामी कानून (शरीयत) के खिलाफ था। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने पवित्र कुरान के अनुसार निकाह को जारी रखने के महत्व पर जोर दिया। साथ ही कहा कि तलाक के बाद पुरुषों को पूर्व पत्नियों को बनाए रखने के लिए मजबूर करना अव्यावहारिक है। बैठक की कार्रवाई का संचालन महासचिव मौलाना मुहम्मद फजलुर्रहीम मुजादीदी ने



किया, जिसमें देश भर से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुस्लिम पर्सनल बोर्ड ने अपने अध्यक्ष को यह अधिकार दिया कि वह इस फैसले को वापस कराने के लिए कोई भी कदम उठा सकते हैं। गौरतलब है कि बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अपने पूर्व पति से भरण-पोषण पाने का अधिकार है।

मामले पर चर्चा करते हुए ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वर्किंग कमेटी ने इस बात पर जोर दिया है कि पैगंबर ने उल्लेख किया था कि सभी संभावित कर्मों में से अल्लाह की दृष्टि में सबसे घृणित तलाक है। इसलिए हर कोशिश करके शादी को जारी रखना ही उचित है। बोर्ड ने आगे कहा कि अगर इसके बावजूद शादी को बरकरार रखना मुश्किल हो जाता है तो इंसानियत की भलाई के लिए तलाक का उपाय बताया गया है।

Bihar

## पटना में दो बच्चों की हत्या के बाद भारी हंगामा जमकर पीटा, आंखें फोड़ने के बाद मार डाला



**पटना, (एजेंसी)** राजधानी पटना में सुबह-सुबह हंगामा मच गया, जब सड़क किनारे एक गड्ढे में दो बच्चों के शव होने की जानकारी सामने आयी। गुस्सा और भड़क गया, जब पीटकर हत्या करने के साथ आंखें फोड़े जाने की सूचना लोगों के बीच फैली। यह घटना बेउर इलाके में हुई है। सोमवार सुबह डबल मर्डर के बाद बेउर-अनीसाबाद के बीच जमकर हंगामा हो रहा है। सड़क जाम कर लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि दोनों बच्चों की नृशंस हत्या की गई है। दोनों की लाशें देखकर स्पष्ट लग रहा है कि अपराधियों ने उन्हें बेरहमी से पीटा। फिर दोनों की आंखें फोड़ दी। इससे भी मन नहीं भरा तो दोनों के छाती में चाकू से वार किया। लोग हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है मॉर्निंग वॉक करने निकले थे। इसी दौरान सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में दोनों बच्चों की लाशें दिखीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। लोगों का दावा है कि रविवार शाम से दोनों बच्चे लापता थे। इनमें से दो की लाशें मिली है। अपराधियों ने दोनों की निर्मम हत्या कर दी गई। घटना से गुस्साए लोगों ने पटना बाइपास सड़क को जाम कर किया और प्रदर्शन करने लगे। वारदात के बाद गर्दनीबाग और बेउर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है। घटना के बारे में पुष्टि करते हुए बेउर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि गर्दनीबाग थाना क्षेत्र का रहने वाले दो बच्चों की लाश मिली है।

Rajasthan

## अमीर बनने की चाहत... बनाया बाइक चोर गैंग, 4 गिरफ्तार और 13 बाइक बरामद

**बाड़मेर, (एजेंसी)** राजस्थान के बाड़मेर में पुलिस ने चार ऐसे युवकों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने जल्दी अमीर बनने की चाहत में चोरी करना शुरू कर दिया. चारों की उम्र 20 से 23 साल के बीच है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13 बाइक जब्त कर



जांच शुरू कर दी है. हालांकि, बाइक चोरी का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है. पुलिस बाइक चोरों से पूछताछ में जुटी है. जानकारी के मुताबिक, बाड़मेर शहर और आसपास के इलाकों में लगातार बाइक चोरी की वारदातें हो रही थीं. इसको लेकर एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बाड़मेर शहर कोतवाल लेखराज सियाग, धनाऊ थानाधिकारी गोविंदराम और डीएसटी टीम का गठन कर अभियान चलाया. इस अभियान के तहत पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 13 बाइक बरामद की.

Uttarpradesh

## कस्टडी में मौत, पिटाई का आरोप, चोट के निशान... जालौन पुलिस पर गंभीर आरोप

**जालौन, (एजेंसी)** यूपी की जालौन पुलिस सवालों के घेरे में है. आरोप है कि पुलिस कस्टडी में एक शख्स की इस बेरहमी से पिटाई की गई कि उसकी मौत हो गई. परिजनों के मुताबिक, मृतक के शरीर पर पिटाई के निशान भी हैं. हालांकि, पोस्टमार्टम में इसकी पुष्टि नहीं हुई है. ऐसा अधिकारियों का कहना है. फिलहाल, जांच टीम गठित कर दी गई है और आरोपी पुलिसवालों को लाइन हाजिर कर दिया गया है. मामला तूल पकड़ता जा रहा है. सपा-कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाए हैं. प्रियंका गांधी ने भी रिएक्ट किया है.

दरअसल, जालौन के डकोर कोतवाली क्षेत्र में दो दिन पहले एक युवक की हत्या कर दी गई थी जिसमें मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस



ने मामला पंजीकृत करते हुए जांच शुरू की. इस हत्याकांड में पांच लोगों के नाम सामने आए थे. इसमें राजकुमार का नाम भी शामिल था. पुलिस द्वारा बताया गया कि जब राजकुमार को गिरफ्तार कर गाड़ी से ले जाया जा रहा था तो उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया. इलाज के लिए उसे अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

खेल

# अर्जेंटीना ने कोलंबिया को हराकर 16वीं बार जीता खिताब, मार्टिनेज ने दागा निर्णायक गोल

**फ्लोरिडा, (एजेंसी)** अर्जेंटीना ने कोलंबिया को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराकर रिकॉर्ड 16वीं बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमों के बीच यह मैच काफी करीबी जहां जहां निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकी थीं। इसके बाद स्टॉपेज टाइम में भी मुकाबला गोल रहित रहा, लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे लाउतारो मार्टिनेज ने अतिरिक्त समय में गोल दाग टीम को बढ़त दिलाई जो अंत तक बरकरार रही।





गत चैंपियन अर्जेंटीना की टीम फ्लोरिडा के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में बढ़त लेने की कोशिश में जुटी हुई थी। अतिरिक्त समय में सुपर सब के तौर पर उतरे मार्टिनेज ने मैच का एकमात्र गोल दागा जो अंत में निर्णायक साबित हुआ। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने वाले मार्टिनेज ने 112वें मिनट में जियोवानी लो केल्सो के पास पर गोल दागा। मार्टिनेज का यह टूर्नामेंट का पांचवां गोल था और वह गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे रहे। फीफा विश्व कप जीतने के बाद अर्जेंटीना का यह लगातार तीसरा खिताब है। अर्जेंटीना ने इससे पहले 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप भी जीता था।

फाइनल मुकाबले में चोट के कारण मेसी को मैदान से बाहर जाना पड़ा। इस कारण मेसी दुखी हो गए और बेंच पर बैठते समय अपने आंसू नहीं रोक सके। मैच के 64वें मिनट में मेसी को चोट लग गई। कुछ देर तक ट्रेनर्स ने उनका हाल जाना, लेकिन अंत में इस स्टार खिलाड़ी को स्ब्स्टीट्यूट होने के लिए मजबूत होना पड़ा। मेसी इस टूर्नामेंट में लगातार पैर की चोट से परेशान चल रहे थे और दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। इस कारण वह अर्जेंटीना के ग्रुप चरण के अंतिम मैच से भी बाहर रहे थे। हालांकि, मेसी के रहते अर्जेंटीना एक और बड़ा खिताब हासिल करने में सफल रही है।

अर्जेंटीना ने इस जीत के साथ ही कोलंबिया का लगातार 28 मैचों से चला आ रहा विजयी अभियान भी रोक दिया है। कोलंबिया फरवरी 2022 के बाद से अजेय चल रही थी। दोनों टीमों के बीच हेड टू हेड की बात करें तो अब तक अर्जेंटीना का पलड़ा ही कोलंबिया पर भारी था जो खिताबी मैच में भी बरकरार रहा। दोनों टीमें 44वीं बार एक दूसरे के आमने-सामने थी। अर्जेंटीना ने इस तरह कोलंबिया के खिलाफ 27वां मैच जीता। कोलंबिया सिर्फ नौ बार ही विश्व विजेता टीम को मात दे सकी है, जबकि दोनों टीमों के बीच आठ मैच ड्रॉ रहे हैं।

सिनेमा

## जल्दीबाजी में शूटिंग निपटाते हैं अक्षय कुमार? अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी, बोले- 'जो आपको पसंद नहीं करते...'



सुपरस्टार अक्षय कुमार की एक साल में 3-4 फिल्में रिलीज होती हैं. वह जल्द से जल्द एक फिल्म शूटिंग निपटाकर दूसरी फिल्म पर काम शुरू कर देते हैं. कुछ समय पहले अक्षय कुमार पर आरोप लगा कि उन्होंने 'सम्राट पृथ्वीराज' को पर्याप्त टाइम नहीं दिया था, जिसकी वजह से मूवी पिट गई. अब उन्होंने अपनी फिल्मों को पर्याप्त समय न देने की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है. उनका कहना है कि एक समय था जब लोग फिल्मों की शूटिंग जल्द खत्म करने की काबिलियत को लेकर उनकी तारीफ करते थे, लेकिन अब जब उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल रही हैं, तो वे उनकी इस आदत को एक कमी के रूप में देख रहे हैं. Galatta Plus के साथ बातचीत के दौरान अक्षय कुमार ने कहा, 'मैं किसी को जबरदस्ती नहीं कहता कि फिल्म की शूटिंग जल्द खत्म करो. टॉम क्रूज की एक फिल्म है मिशन इम्पॉसिबल, जिसे बेस्ट एक्शन मूवी कहा जाता है. क्या आपको पता है कि उसकी शूटिंग 55 दिन चली थी. उन्होंने सिर्फ 55 दिन शूटिंग की थी. हर दिन वो लोग सिर्फ डेढ़ से 2 मिनट की शूटिंग करते हैं. आप कैल्कुलेट कर सकते हैं.'

Highlights

1. **IT firm's founder kidnapped for not paying salaries to 1,200 employees in Hyd**
2. **Ready to release 8,000 cusecs Cauvery water to TN: K'taka CM**
3. **Red alert issued in Kerala districts amid rain; schools, colleges shut**
4. **They came to kill another man, shot husband at GTB Hospital: Wife**
5. **6 killed in bus-truck crash on Ahmedabad-Vadodara Expressway**

# UP's hybrid car concessions not for all hybrids, conditions to be announced: Which cars are eligible?

**NEW DEIHI, (Agency).** Not all hybrid vehicles sold in Uttar Pradesh are applicable for benefits under the state government's promotion scheme for hybrid vehicles, the Economic Times reported, adding that the state scheme would only apply to vehicles certified under the central government's flagship Faster Adoption and Manufacturing of Electric Vehicles (FAME II) incentive programme, and that too, under certain conditions which are likely to be announced soon.

The Uttar Pradesh Industries Department announced on July 5 that registration charges on strong hybrid vehicles will be waived to promote their use.

What are strong hybrid vehicles?



A strong hybrid is a hybrid vehicle that gives the on-tap option to run purely on the electric motor without the use of the engine, or switch to using the engine as well whenever required. Mild hybrids on the other hand, have the engine and the electric motor working together all the time.

Uttar Pradesh is India's second largest car market after Maharashtra, accounting for 11% of India's total car sales, according to the report, which added that the share of hybrids is currently less than 1%, due to which, the waiver could reduce costs for strong hybrids anywhere between ₹1.5-3 lakh depending on the model, making them more attractive.

What are the other conditions for UP's hybrid registration charge waiver?

The road tax waiver could only be for hybrid cars costing up to ₹20 lakh, CNBC-TV18 reported, citing unnamed sources. HT couldn't independently verify the information.

# CISF, Taj Security Police to probe drone flying near monument as video goes viral

**NEW DEIHI, (Agency).** Flying of drones in Taj skyline is banned and Agra police, time and again, issues guidelines to avoid this act which might violate the skyline of one of the world's most sought after UNESCO heritage listed monuments here . The video went viral in the early hours of Sunday. The police, after verifying from the CISF, denied any such incident but constituted a team to look into the matter.

Agra A joint committee of officials from Central Industrial Security Force



and Taj Security Police was constituted after a video went viral on Sunday wherein a drone was seen flying too close to the main dome of Taj Mahal here .

Flying of drones in Taj skyline is banned and Agra police, time and again, issues guidelines to avoid this act which might violate the skyline of one of the world's most sought after UNESCO heritage listed monuments here .

The hoteliers, mainly those near Taj, ask tourists staying there to not fly drones near the monument .

This video went viral in the early hours of Sunday. The police, after verifying from the CISF, denied any such incident but constituted a team to look into the matter.

# तीन दिन से था लापता शव गड्ढे में मिला

## परिजनों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **समीपस्थ पीथमपुर के थाना सेक्टर 1 के अंतर्गत मरी माता टेकरी के पास एक गड्ढे में राजा नामक युवक की लाश मिली है।**

पुलिस ने बताया कि मरी माता टेकरी पर लाश मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल भिजवाया है। राजा नाम के युवक शव मिलने के बाद परिजन थाने पर पहुंच गए। मृतक राजा के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसकी हत्या की गई है। पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था और ससुराल वाले उससे 2 लाख रुपए मांग कर रहे थे।

मृतक राजा ने कुछ दिन पहले एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। जिसमें उसने कहा था कि ससुराल वाले उससे समझौते में 2 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। समाज के कुछ लोग पंचायत करने के नाम पर भी पैसे मांग रहे हैं। मृतक ने कुछ लोगों के नाम भी वीडियो में लिए थे। मृतक राजा ने पुलिस में इसकी शिकायत भी दर्ज करवाई थी। थाने पर पहुंचे मृतक राजा के भाई लखन ने बताया कि राजा घर से करीब तीन दिन से लापता था। परिजनों ने आरोप लगाया कि राजा की हत्या उसके ससुराल के लोगों ने कराई है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पुलिस हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक राजा बजरंगपुरा गांव का रहने वाला था। उसके और उसकी पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। मृतक राजा अपनी पत्नी को लाना चाहता था। लेकिन ससुराल वाले उसकी पत्नी को भेजने के लिए तैयार नहीं थे। वहीं पत्नी को भेजने के एवज में ससुराल वाले राजा से 2 लाख रुपए की मांग कर रहे थे।

## बाइक चालक गड्ढे में गिरा, मौत

इंदौर। सिमरोल इलाके में पीछे से आए चालक ने दूसरे बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से दूसरा बाइक चालक गड्ढे में जा गिरी और गंभीर घायल होने के बाद उसकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा तलाई नाका ब्रिज के पास हुआ। मृतक का नाम भेरूलाल पिता अंतरलाल (25) निवासी ग्राम वरनासा बदनावर जिला धार है। युवक के मृत्यूपूर्वकछन के आदार पर पुलिस ने बाइक नंबर एमपी 11 जेडई 3634) के चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि भेरूलाल बाइक पर सवार होकर जा रहा था। आरोपी बाइक चालक ने उसे पीछे से ऐसी टक्कर मारी कि वह गाड़ी सहित निमार्णाधीन रोड के बड़े गड्ढे में जा गिरा। उसे सिर और पसलियों में गंभीर चोट आई थी। उसे तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से मध्य भारत अस्पताल महू में भर्ती किया गया मगर उपचार के दौरान मौत हो गई।

# शराबी कार ड्रायवर ने मारी कई को टक्कर

## युवक का पैर कटा, होटलकर्मी भी घायल, रिवर्स लेने में स्कॉर्पियो से भिड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना में रविवार रात नशे में तेज रफ्तार कार चला रहे युवकों ने कई वाहन चालकों को रौंद दिया। इस हादसे में एक युवक का पैर कट गया। जबकि एक अन्य युवक सहित तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अलग-अलग अस्पताल भेजा गया है। कार चला रहे युवक की पिटाई कर राहगीरों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

घटना ट्वेटी फॉर सेवन बेकरी के सामने की है। नशे में कार दौड़ा रहे अभिषेक जाट ने देर रात दो एक्टिवा, स्कार्पियो और एक ऑटो को टक्कर मार दी। इसमें एक एक्टिवा पर सवार चिराग चुघ का पैर कट गया। कार के बीच में वह गाड़ी सहित फंस गया। वहीं हादसे में गणेश नाम का लडक़ा भी घायल हुआ है। वह एक होटल का कर्मचारी है। अभिषेक जाट कार को महालक्ष्मी रोड की तरफ से लेकर आ रहा था। उसने सबसे पहले दो एक्टिवा को टक्कर मारी। इस बीच चिराग की गाड़ी कार के अगले पहिए में फंस गई।

नशे की हालत में अभिषेक कार को भगाने के लिये एक्सीलेटर देता रहा। बाद में उसने जल्दबाजी में गाड़ी रिवर्स ली तो पीछे से आ रही एक स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी। लोगों ने अभिषेक को गाड़ी से उतारा। वहां मौजूद कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी और पुलिस को सूचना दी। देर रात यहां पर खजराना पुलिस पहुंची ओर युवक को अपने साथ ले गई।

# चाकू दिखाकर महिला से रेप

## बदनाम करने की देता था धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शिप्रा इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने पूर्व मकान मालिक के खिलाफ रेप और धमकाने के आरोप लगाए हैं। महिला ने बताया कि मकान मालिक की हरकत की वजह से उसे अपना घर छोड़ना पड़ा।

उसके बाद भी आरोपी ने उसका पीछा नही छोड़ा। आरोपी ने रास्ते में रोककर उसे धमकाया। तब पति को मोबाइल पर कॉल कर बुलाना पड़ा। पति को पूरी बात बताई और फिर केस दर्ज कराया। मांगलिया में रहने वाली एक शादीशुदा महिला ने अपने पूर्व मकान मालिक विनोद शर्मा के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि पति के घर पर नहीं रहने की बात का उसने फायदा उठाया और उसके साथ गलत हरकत कर दी। पीड़िता के मुताबिक वह हाउस वाइफ है। पति का ट्रांसपोर्ट का काम है। इसके चलते उन्हें बाहर ही रहना होता है। 26 दिसंबर 2023 को वह विनोद के मकान में किराए से रहने गए थे। पति ज्यादातर समय काम के सिलसिले में बाहर रहते थे। यह बात विनोद को पता थी। 3 फरवरी 2024 को पति भोपाल में थे। घर पर बच्चो के साथ पीड़िता अकेली थी। तभी पीछे से अचानक मकान मालिक शर्मा आ गया। उसने चाकू निकाला और चाकू की नोक पर रेप किया। उसने कहा कि तूने पति को कुछ भी कहा तो तुझे बदनाम कर दूंगा। डर के चलते पीड़िता ने पति को कुछ नहीं बताया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक